मन मेरा बाबा

तेरे नाम से है जीवन तेरा नाम ही सहारा,
तेरे नाम से है जीवन तेरा नाम ही सहारा,
मेरे बाबा ओ मेरे बाबा मेरे बाबा ओ मेरे बाबा.......

मन मेरा बाबा ठिकाना ढूंढता है,
मन मेरा बाबा ठिकाना ढूंढता है,
मेरे दिल का सूना साज तराना ढूंढता है,
तेरे खाटू आने का बहाना ढूंढता है,
मन मेरा बाबा ठिकाना ढूंढता है,
मेरे दिल का सूना साज तराना ढूंढता है......

कैसे भूलूगा मैं बाबा खाटू की उन रातों को,
बंद जुबा से की थी तुमसे दिल की उन सब बातो को,
फिरसे दोहराने का बहाना ढूंढता है,
मन मेरा बाबा ठिकाना ढूंढता है,
मेरे दिल का सूना साज तराना ढूंढता है.......

श्याम मेरे तुम साथ ही रहना दुनिया की इन राहों में,
गम के अंधेरे छा जाए जब थामना मुझको बाहों में,
अरे तुझको मेरे बाबा जमाना ढूंढता है,
मन मेरा बाबा ठिकाना ढूंढता है,
मेरे दिल का सूना साज तराना ढूंढता है......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30930/title/man-mera-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |